S.T.D. 0581
2527263, 2521122
2527282, 2523378

महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

बरेली - 243 006 (भारत)
BAREILLY-243 006 (INDIA)

अपील

जैसा कि आप सभी प्रबुद्धजन विदित है कि पूरे देश में कोविड–19 का प्रसार तेजी से फैलता जा रहा है, जो मानव जाति के लिए अब तक के इतिहास में बहुत बडो खतरे के रुप में प्रकट हुआ है। कोविड–19 से बचाव हेतु माननीय प्रधानमंत्री/माननीय मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित नागरिकों हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। माननीय प्रधानमंत्री/माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किये गये प्रयास तभी सार्थक हो पायेगें जब समस्त नागरिकों द्वारा उसमें अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया जायेगा। अतः कोविड–19 के प्रसार को रोकने हेतु शासन द्वारा नियमित रुप से दिये जा रहे निर्देशों का घरों में सुरक्षित रहते हुए अनुपालन करने का कष्ट करें–

1. सुबह दूध की थैली घर लाये हो तो थैली को तुरंत पानी से धो लें, और साबुन से अपना हाथ धो लें।
2. सब्जी लाने के बाद तुरंत नमक के पानी से धो लें।
3. ऑनलाईन सामग्री कुछ दिनों तक ना मंगायें।
4. बहुत आवश्यक होने पर व्यक्तिगत वाहन का ही उपयोग करें।
5. व्यक्तिगत कम्प्यूटर एवं लैपटॉप का ही उपयोग करें।
6. ए0टी0एम0 का उपयोग हाथ का दस्ताना पहनकर ही करें तथा घर में प्रवेश से पूर्व साबुन से हाथ अवश्य धो लें।
7. घर का दैनिक कार्य परिवार के साथ मिलकर निष्पादित करें, जिससे आपके समय का समुचित उपयोग हो सके।
8. हर एक घंटे में स्वयं का हाथ धुलने के साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों को भी नियमित रुप से हाथ धुलने हेतु प्रेरित करें।
9. आस–पास में किसी भी व्यक्ति के कोविड–19 से संक्रमित होने की आशंका होने पर प्रशासन को सूचित करने का कष्ट करें।

दिनांक– **27 मार्च, 2020**

(आनन्द कुमार मौर्य)
सहायक कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को संज्ञानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/वॉर्डन/अन्तःवासी विश्वविद्यालय परिसर, प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/सचिव, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय एवं समस्त सम्मानित नागरिक
2. सम्पादक समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि अपने सम्मानित समाचार पत्र में अपील निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति को कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
4. निजी सचिव कुलसचिव को कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ।
5. प्रभारी बेबसाइट।

सहायक कुलसचिव

CS Scanned with CamScanner